## सार-समाचार

### सामूहिक विवाह सम्मेलन पर चर्चा की

**फुलेरा**, (नि.सं.)। श्री दक्ष सेवा संस्थान बोराज की एक बैठक का आयोजन प्रजापति समाज धर्मशाला में अध्यक्ष शिवराम प्रजापति की अध्यक्षता में किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्थान के सचिव कानाराम प्रजापति ने बताया कि बैठक के दौरान संस्थान के नेतृत्व में आगामी 2 नवम्बर, देवउठनी एकादशी पर आयोजित होने वाले प्रजापति समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में आगे बताया कि उक्त सम्मेलन के आयोजन के लिए मैरिज गार्डन व बैण्ड की बुकिंग की जा चुकी है। इसके साथ ही सम्मेलन के लिए दो जोड़ों का पंजीयन भी किया गया है। संस्था के संरक्षक जगदीश प्रसाद प्रजापति, कोषाध्यक्ष आत्मा राम प्रजापति, महामंत्री धन्ना लाल मारोठिया उगरियावास, कार्यालय मंत्री रूपनारायण मारवाल, संगठन मंत्री धन्ना लाल उगरियावास, नाथूलाल टटवाडिया, भागचन्द प्रजापत, मोहन लाल प्रजापत, ओमप्रकाश, बंशीलाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### फुलेरा जंक्शन के बुकिंग काउंटर शिफ्ट

**फुलेरा** (निस) फुलेरा जंक्शन पर अमृत भारत योजना के तहत पिछले लगभग 2 वर्षों से निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते फुलेरा बुकिंग को पिछले करीब डेढ़ वर्ष से अस्थाई रूप से आई पी एफ बेरिक के पास शिफ्ट कर दिया गया था। जहां पर दैनिक रेल यात्रियों व आम यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। क्योंकि यहां पर कोई समुचित लाईट की व्यवस्था नहीं थी, टीन-शेट लगा होने के कारण गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इतना ही नही यहां पर जगह कम होने के कारण बारिश के मौसम में यात्रियों को खड़े होने में दिक्कत आती थी। इन सभी समस्याओं पर रेल प्रशासन ने गौर फरमाते हुए इन सभी बुकिंग काउंटरों को गुरुवार को नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया है। जिससे दैनिक रेल यात्रियों व आम यात्रियों को इसका पूरा फायदा मिलना शुरू हो जाएगा। प्रशासन द्वारा सभी बुकिंग काउंटर नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने पर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा और कंज्यूमर एक्शन एण्ड प्रोटेक्शन सोसाइटी के अध्यक्ष विजेन्द्र प्रकाश हलचल द्वारा रेल प्रशासन का धन्यवाद व आभार प्रेषित किया गया है।

### ग्रामीणों ने प्रदूषण की समस्या बताई

**कोटपूतली**, (नि.सं.)। कोटपूतली से नीमकाथाना तक स्टेट हाईवे के विस्तारीकरण का कार्य जारी हैं। जिसमें पीआरएल कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा सड़क की वेस्ट मिट्टी, मलबा का सोता नदी क्षेत्र में डम्पिंग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सरूण्ड टोल प्लाजा के पास नदी के बहाव क्षेत्र में वेस्ट मिट्टी, पत्थर, मलबा डम्पिंग करना कानूनी अपराध के साथ ही पर्यावरण के लिये खतरा उत्पन्न करेगा। आरएसआरडीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को जिला कलक्टर कार्यालय द्वारा अवगत करवाने के तीन दिन बाद भी उनके कानों में जू नहीं रेंगी है। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में समाजसेवी पूरण यादव, रमेश यादव, विपिन समेत अन्य ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय नीमराना पहुंचे। जहां क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार सेहरा को ज्ञापन सौंपकर नदी क्षेत्र को बचाने की गुहार लगाई। जिस पर क्षेत्रीय अधिकारी ने ठोस कार्यवाही का आष्वासन दिया।। राधेश्याम शुक्लावास ने स्पष्ट किया कि जिला कलक्टर, तहसीलदार, प्रदूषण बोर्ड व राज्य सरकार को परिवाद पहुंचा दिये हैं। अब भी यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो अगले सप्ताह आन्दोलन किया जायेगा।

### पानी आने वाले स्थानों पर विशेष निगरानी

**फुलेरा**, (निस)। बारिश को देखते हुए रेलवे ने संरक्षित रेल संचालन के लिए विशेष प्रबन्धन किये है। रेलवे अण्डरपास में जलभराव को देखते हुए चिन्हित किये गये अण्डरपास में विशेष व्यवस्थाएं की गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि रेलवे द्वारा मानसून में भारी बारिश को देखते हुए संरक्षित रेल संचालन के लिए विशेष प्रबन्ध किये है। पूर्व वर्षों के अनुमान के आधार पर जिन रेल खण्डों में अत्यधिक बारिश की संभावना होती है। ऐसे स्थानों की विभिन्न स्तरों पर मॉनिटरिंग की जा रही है। बारिश की अधिकता वाले स्थानों पर ट्रैक के कटाव की स्थिति से निपटने के लिए मिट्टी के कट्टे, रोड़ी इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, ताकि भारी बारिश के कारण ट्रैक के नीचे मिट्टी के कटाव होने पर तुरन्त ठीक कर रेल संचालन को सुचारू किया जा सके।

### चौहान ने आचार्य का आशीर्वाद लिया

**टोंक**, (नि.सं.)। मुख्यालय स्थित जैन नसियां में चातुर्मास कर रहे वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर का भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने आशीर्वाद प्राप्त कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि चातुर्मास में संतों का सानिध्य हमें धर्म, मानव सेवा व विश्व कल्याण की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है, यह अवसर आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि व सत्संग का अनुपम संगम होता है। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया, विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, बबलू टैंकर, जिला मंत्री बीना छामुनिया, कार्यालय मंत्री ओमप्रकाश पाण्डे, चरण सिंह चौधरी, मनीष सिसोदिया, पंकज पहाड़िया, विनायक जैन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जो भी काम करें, आत्मा व दिल लगाकर करें : जस्टिस श्रीराम

**दौसा**, (नि.सं.)। राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्रीराम कल्पाती राजेन्द्रन ने कहा कि हमने अखबारों में पढ़ा और सुना कि स्कूल का भवन गिर गया, उसमें मासूमों की जान चली गई। ये हमारे दिमाग में होना चाहिए कि हम जो भी काम करें, कुछ भी काम करें, उसमें हमारी आत्मा और दिल लगाकर करें। मैं आशा करता हूं ने इस भवन में ऐसे प्रयास किए होंगे कि ये भवन कम से कम 50 साल तो खड़ा रहे। मुख्य न्यायाधीश श्रीराम कल्पाती राजेन्द्रन गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर में नवनिर्मित भवन के लोकापर्ण समारोह में मुख्य अतिथि रहे।



दौसा के जिला न्यायालय परिसर में नवनिर्मित भवन के लोकापर्ण समारोह में मंचासीन मुख्य न्यायाधीश श्रीराम कल्पाती राजेन्द्रन, प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा, संरक्षक न्यायाधीश समीर जैन, जिला एवं सैशन न्यायाधीश हुकुम सिंह राजपुरोहित, बार अध्यक्ष कुंजबिहारी शर्मा।

### मेरी हिंदी बंबईया, मैं इंग्लिश में कंफर्टेबल

सीजे ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा हिंदी बंबईया हिंदी हो जाएगा। कोई शब्द यूज करेंगे तो आपको भी बुरा लग जाएगा। इसलिए हमने सोचा किंग्स लैंग्वेज है, अभी क्वींस लैंग्वेज नहीं। इसलिए किंग्स लैंग्वेज इंग्लिश में ही बात करूंगा। मैं इसी में कंफर्टेबल महसूस करता हूं। उन्होने कहा कि सर्वशक्तिमान भगवान है। मेरा उन पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि जो भी होता है, भगवान करता है। हम सिर्फ उनकी कठपुतली हैं। वो (भगवान) शरीर और आत्मा का इस्तेमाल करते हैं अपना संदेश देने के लिए। शायद भगवान ने ही राजस्थान के लोगों को न्याय के लिए जस्टिस केआर श्रीराम के शरीर व आत्मा को चुना।

सीजे ने वकीलों को कहा कि कोर्ट को न्याय का मंदिर कहते हैं। मंदिर में प्रीस्ट (पुजारी) भी होते हैं, वो प्रीस्ट एडवोकेट्स हैं। आपके पास न्याय की गुहार लेकर आया डिवोटी (भक्त) है। उनकी पुकार को ईश्वर तक पहुंचाना आपका काम है। आप उनकी पुकार को ऐसे रखें कि ईश्वर से उन्हें जो चाहिए, वह उन्हें मिले।

दौसा जिला न्यायालय परिसर में बनाए गए नए भवन में पूर्ण सुविधाओं से युक्त न्यायालय कक्ष बनाया गया है। दिव्यांगों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए रैंप, लिफ्ट और पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के लिए भी अलग से रूम बनाए गए हैं। इससे न्यायालय का संचालन ज्यादा व्यवस्थित होने के साथ ही वादियों को सुविधा होगी।

समारोह से पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्रीराम कल्पाती राजेन्द्र, प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा, संरक्षक न्यायाधीश समीर जैन ने नवनिर्मित भवन का लोकापर्ण किया तथा पोस्को कोर्ट का शुभारंभ किया। इससे पूर्व गार्ड ऑफ ऑर्नर दिया गया साथ ही परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

## ढील नदी के पास रघुवंटी गांव पानी से घिरा

**बौंली- बामनवास**, (नि.सं.)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलाड़ा के टोंक जिले की सीमा पर स्थित ढील नदी के पास रघुवंटी गांव में अतिवृष्टि व ढील नदी का पानी चारों तरफ से आ जाने के कारण पूरा गांव चारों तरफ से पानी से घिर गया। इस कारण ग्रामीण महिला, पुरुष, बच्चे व मवेशियों का घर से निकलना एवं घरों में रहना भी मुश्किल हो गया।

सूचना पाकर बौंली उपखंड अधिकारी चंद्र प्रकाश वर्मा, विकास अधिकारी हेमश्री प्रद्युमन, तहसीलदार रामचंद्र मीणा मय पुलिस व एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस की टीम को लेकर मौके पर पहुंचे एवं तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई। कोलाड़ा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी राजाराम ने बताया कि राहत व बचाव कार्य दिन भर से चल रहा है। जिसमें एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस की टीमों ने बोट की सहायता से करीब 60 ग्रामीणों को सुरक्षित निकलते हुए पास के राजकीय विद्यालय में ठहराया गया है। सभी ग्रामीणों की भोजन, पानी व सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध करा दी गई है। अब पानी का दबाव कुछ कम हो गया है, इस कारण कई ग्रामीण ऊंचाई पर सुरक्षित घरों में गांव में है। दिन भर से भूखी, थकी, प्यासी रेस्क्यू टीमों को जामडोली के पास अल्पाहार कराया जा रहा है, एवं ग्रामीणों की भी रहने खाने पीने की व्यवस्था की गई है, फिलहाल प्रशासन एवं राहत टीम समाचार लिखे जाने तक भी मौके पर ही रहा।


**आम सूचना** मेरे मुवक्किल अबरार पुत्र श्री अब्दुल शगुर निवासी मकान नम्बर 3160, चौकडी रामचन्द्र जी, मौहल्ला पन्नीगरान, जयपुर मो.नं. 9887714686 एक मकान नम्बर 662 लवाण का घेर, चौकडी गंगापोल, जयपुर श्री विपुल नारनौली पुत्र सुनील कुमार अग्रवाल मुख्त्यारेआम श्रीमती शमीम, मोहम्मद इमरान व असरार अहमद से क्रय कर रहे है, यदि किसी भी व्यक्ति को इस सौदे पर कोई आपत्ति हो तो तीन दिवस में मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर/दिनांक (शमी अली) एडवोकेट मो.नंबर-9828075086

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-5752 दिनांक-22.07.2025
**जाहिर आम-सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, योजना में आवास/फ्लैट संख्या 162/42 (MIG-B), का आवंटन श्री अशोक कुमार ठाकुर स्व. श्री सी.सी. ठाकुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1061 दिनांक 28.06.2006 को जारी किया गया था। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 10.08.2006 को सम्भलवाया गया।
श्री अशोक कुमार ठाकुर की मृत्यु दिनांक 28.05.2023 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री यश ठाकुर पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार ठाकुर द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम रजिस्टर्ड हक त्याग के आधार पर मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अत उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री यश ठाकुर पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार ठाकुर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक: 5926 जाहिर आम सूचना दिनांक 30.07.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 164/98 (MIG-A), (एरिया 105.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री रणवीर सिंह पुत्र श्री गजाधर को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1126 दिनांक 28.09.1999 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 853 दिनांक 09.05.2001 को जारी किया गया। श्री रणवीर सिंह के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 22.09.2010 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री रणवीर सिंह द्वारा उक्त आवास को दिनांक 14.10.2010 के द्वारा श्री गौतम चन्द जैन पुत्र श्री विशन चन्द जैन को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री गौतम चन्द जैन द्वारा उक्त आवास को दिनांक 22.11.2013 के द्वारा डॉ बासुदेव गुप्ता पुत्र श्री राम कुमार गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती डॉ. बासुदेव गुप्ता पुत्र श्री राम कुमार गुप्ता द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, डॉ. बासुदेव गुप्ता पुत्र श्री राम कुमार गुप्ता का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक :- 5931 जाहिर आम-सूचना दिनांक :- 31.07.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 31/448 (MIG-A), (एरिया 90.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री राम कृष्ण शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 3907 दिनांक 03.11.1992 को जारी किया गया। श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 18.07.2003 को उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 03.09.2003 के द्वारा श्रीमती रमा शर्मा पत्नी श्री अविनाश पाठक को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती रमा शर्मा की मृत्यु दिनांक 09.05.2024 को हो जाने के कारण इनके पति श्री अविनाश पाठक पुत्र श्री राजवीर पाठक द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री अविनाश पाठक पुत्र श्री राजवीर पाठक का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर


# लाइब्रेरियन बुनकर की पेंशन अटकाने पर रोष जताया



बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के लाइब्रेरियन प्रहलाद राम बुनकर को सेवानिवृत्ति पर रूक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक प्रो.रमेश बैरवा के नेतृत्व में बधाई और शुभकामनाएं दी।

**अलवर**, (नि.सं.)। बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के लाइब्रेरियन प्रहलाद राम बुनकर की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आज इन्हें अपनाघर शालीमार स्थित इनके निवास पहुंचकर रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक प्रो.रमेश बैरवा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं पूर्व विद्यार्थियों ने माला एवं साफा पहनाकर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। वहीं उनके पेंशन मामले को लेकर रोष भी जताया गया।

इस अवसर पर रुक्टा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. जगतपाल सिंह, प्रो. रामानंद यादव, प्रो. बदलूराम शास्त्री, डॉ.महेश गोठवाल, प्रो.सुंदर बसवाल डॉ.संजय राय, एडवोकेट शब्बीर खान, एडवोकेट गुलाब साबिर, एडवोकेट लेखराज पांचाल, एडवोकेट अनीशा, गोवर्धन, रईसा सहित बड़ी संख्या में विदाई कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रो.बैरवा ने बताया कि वर्ष 2016 से कैंसर से पीड़ित लाइब्रेरियन बुनकर का इसी 15 जुलाई को कैंसर का फिर से दिल्ली एम्स में ऑपरेशन हुआ है। जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। प्राचार्य अशोक आर्य ने बुनकर को पिछले एक वर्ष से दुर्भावनावश बहुत जलील किया है। पीड़ित का पक्ष सुने बिना मनमाने दस्तावेज तैयार करवाकर लाइब्रेरियन के खिलाफ लाखों रुपए की फर्जी वसूली थोपी हुई है। बार बार आठाह करने पर भी प्रकरण का निस्तारण नहीं किया।

लाइब्रेरियन की पेंशन अटका दी है जिससे इन्हें भारी आर्थिक और मानसिक पीड़ा पहुंची है। लाइब्रेरी को सील करना पड़ा है क्योंकि इन्हें नो ड्यूज नहीं दिया गया है। प्राचार्य किसी को लाइब्रेरी का चार्ज नहीं दिला सके। इसलिए कि प्राचार्य ने आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशों के अनदेखी कर सेवानिवृत्ति हो रहे लाइब्रेरियन के स्थान पर समय रहते किसी व्यक्ति को संविदा पर लाइब्रेरियन पद पर नियुक्त नहीं किया है। इस मामले को लेकर बताया गया कि प्राचार्य किसी कार्मिक को लाइब्रेरी का चार्ज नहीं दिला सकते हैं। यह इनकी एक अकुशलता को दर्शाता है। लाइब्रेरी सील बंद रहने से छात्रों को भी भारी असुविधा होगी।

## कोटपूतली जिले में स्कूलों में आज-कल का अवकाश

**कोटपूतली**, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने मौसम विभाग द्वारा जारी जिले में अति वर्षा की चेतावनी एवं पूर्वानुमान को मध्यनजर रखते हुए एवं बच्चों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को देखते हुए आदेश जारी कर जिले के समस्त आंगनबाडी केंद्रों एवं कक्षा 1 से 12 तक के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए 1 और 2 अगस्त को अवकाश घोषित किया है। जिला कलक्टर ने बताया कि यह आदेश केवल कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाडी केंद्र पर लागू होगा। विद्यालय एवं आंगनबाडी स्टाफ यथावत कार्य करेंगे। उन्होंने जिले के समस्त संस्था प्रधानध्प्रभारी आंगनबाडी केंद्रों को निर्देशित किया है कि वह आदेश की अक्षरशः पालना कराया जाना सुनिश्चित करें।

## अवैध खनन रोकने पर चर्चा

**कोटपूतली**, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में अवैध खनन की रोकथाम के संबंध में जिला स्तरीय खनीज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई भी मौजूद रहे।


**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.rajasthan.gov.in
क्र. : जविप्रा/उपा./जोन-14/2025/डी-1551 दि. : 24.07.2025
**सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलम जैन पत्नी स्व. श्री शशिकान्त जैन द्वारा निजी खातेदारी की योजना श्री हरिहर सिटी के भू.सं. 37 क्षेत्रफल 174.15 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र चाहने हेतु ऑनलाइन आवेदन क्रमांक 230140 दिनांक 04.07.25 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भू. सं. | क्षेत्रफल | समिति का नाम/निजी खातेदारी/जविप्रा | योजना का नाम | प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नीलम जैन पत्नी स्व. श्री शशिकान्त जैन | 37 | 174.15 व.ग. | निजी खातेदारी | श्री हरिहर सिटी | मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा, शपथ पत्र, पंजीकृत हकत्याग आदि |

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किए जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/हितधारक को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के साथ अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने की कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी। उपायुक्त, जोन-14, जविप्रा, जयपुर

**NAME CHANGE**
I hitherto known as SHIV SINGH GURJAR alias SHIVKESH KHATANA, S/o BHEEMRAJ, R/o Khedla, PO: Tegaon, DIST: karauli, Rajasthan- 322216, have changed my name and shall hereafter be known as SHIVKESH KHATANA.



**कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, प्रा० स्वा० केन्द्र चोपानकी(तिजारा) खैरथल-तिजारा**

क्रमांक :2025/53 **खुली निविदा सूचना** दिनांक-28/7/2025

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ०स्वा०केन्द्र चोपानकी(तिजारा) खैरथल- तिजारा द्वारा निम्न सेवायें उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि रू | निविदा शुल्क रूपये | बोली प्रपत्र प्राप्ती की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कम्प्यूटर ऑपरेटर मैन विद मशीन(MNDY संविदा।) | 180000/- | 3600.00/- | 100/- | 08.08.2025 12.00 PM | 08.08.2025 1.00 PM | 08.08.2025 2.00 PM |

नियम एवं शर्ते-
1. निविदाएँ दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चैक, समस्त वांछित डॉक्युमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैकर्स चैक राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसाइटी, चोपानकी के नाम से व तिजारा शाखा पर देय होगा। दूसरा लिफाफा (ख) वित्तीय बिड का होगा जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।
2. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 08.08.2025 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 08.08.2025 को दोपहर 2.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध में समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

सचिव राज मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथ0 स्वा0 केन्द्र चोपानकी, तिजारा


# बारिश में टोंक कलेक्टर ने निरीक्षण किया, जल निकासी के निर्देश दिए



टोंक जिले में भारी बारिश के दौरान हालातों का जायजा लेने के लिए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, नगर परिषद टोंक एवं नगर पालिका निवाई की विभिन्न कॉलोनियों में मौके पर पहुंची।

**टोंक**, (नि.सं.)। जिले में बुधवार को भारी बारिश के दौरान हालातों का जायजा लेने के लिए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, नगर परिषद टोंक एवं नगर पालिका निवाई की विभिन्न कॉलोनियों में मौके पर पहुंची। उन्होंने भारी बारिश के कारण कई जगह जलभराव की निकासी को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया।

### लोगों से बात करके परेशानियां जानी

जिला कलेक्टर ने नगर परिषद क्षेत्र टोंक की कैलाशपुरी कॉलोनी, पांच बत्ती, काफला बाजार में जाकर जलभराव वाले इलाकों का दौरा किया। साथ ही, लोगों से बात करके उनकी परेशानियों को जाना। इस दौरान उन्होंने उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया एवं नगर परिषद के अभियंताओं को फील्ड में कार्मिकों से जलभराव वाले स्थानों से पानी निकासी कराने के निर्देश दिए।

### ज्यादा बारिश में लोग घर से बाहर नहीं निकले

जिला कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि भारी बारिश के दौरान बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि जिले में विगत एक माह से लगातार भारी बारिश होने के कारण सभी जल स्त्रोतों जल बहाव तेज है।

पिकनिक स्पॉट नदियों, बांधों, तालाबों, एनिकटों, झरनों में पानी के पास जाकर अपनी जान को जोखिम में नहीं डाले। आमजन सुरक्षात्मक उपाय के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट टोंक के दूरभाष नंबर 01432-245035 एवं टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क कर सकते है।

### निवाई में जलभराव वाले स्थलों से पानी निकासी के निर्देश

जिला कलेक्टर ने नगर पालिका निवाई में विभिन्न कॉलोनियों एवं झिलाय पुलिया के पास लो लाइन एरिया में जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह एवं अधिशाषी अधिकारी मनोहर सिंह जाट मौजूद रहे। झिलाय पुलिया पर अत्यधिक जलभराव को लेकर क्षेत्र के निवासियों ने जिला कलेक्टर को इसका स्थायी समाधान कराने की गुहार लगाई। जिला कलेक्टर ने कहा कि रेलवे से एनओसी मिलने के बाद यहां पक्के नाले का निर्माण कराया जाएगा। इसके बाद इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी।

### ईसरदा बांध में पहली बार रोका बीसलपुर का ओवरफ्लो पानी

बीसलपुर बांध से बनास नदी में छोड़े जा रहे ओवरफ्लो पानी को रोकने के लिए जिले में बने ईसरदा बांध पर इंतजाम किए गए है, जिसके तहत सिंचाई विभाग के निर्देश पर ईसरदा बांध में पहली बार बुधवार को सुबह से पानी रोका गया, जो 15 सितंबर तक रोका जाएगा। इससे डेढ़ माह में इस बांध में निर्धारित 3.27 टीएमसी पानी भरा जाएगा, इससे डेम का जल स्तर 253 आरएल मीटर हो जाएगा। इसी के साथ डेम के पहले चरण का पानी भी भर जाएगा। 28 गेट वाले इस डेम में पहले चरण में भरे जाने वाले पानी से डेम में 12 फीट ऊंचाई तक पानी भरेगा, इस पानी को भरा रखेंगे, जिसे फिलहाल किसी काम में नहीं लिया जाएगा। इसके वितरण के लिए जल वितरण विभाग भविष्य में निर्णय लेगा। आगामी मानसून के दौरान बांध में जल संग्रहित किया जा सकेगा, इसके बाद दौसा के 1 हजार 79 ग्राम और 5 शहरों और सवाई माधोपुर के 1 शहर व 177 गांवों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति हो सकेगी। यह परियोजना जल संकट समाधान के साथ बीसलपुर बांध के अधिशेष पानी और बनास नदी के बारिश के जल का कुशल प्रबंधन भी सुनिश्चित करेगी। साथ ही ईसरदा बांध से रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना) के तहत अन्य बांधों को पेयजल के लिए आपूर्ति हो सकेगी।

### ए.डी.एम. को ज्ञापन दिया

**कोटपूतली**, (नि.सं.)। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ कोटपूतली बहरोड़ की उप शाखा कोटपूतली में ब्लॉक अध्यक्ष हजारीलाल गुर्जर एवं सभा अध्यक्ष हवासिंह गुर्जर के नेतृत्व में गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम एडीएम ओमप्रकाश सहारण को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में झालावाड़ जिले के पीपलौद स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय में हुई दु:खद घटना की पुनरावृत्ति रोकने और इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई। संघ ने पांच सूत्रीय मांग पत्र के माध्यम से हादसे के लिये जिम्मेदार ठेकेदार, निर्माण एजेंसी एवं अन्य दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। साथ ही स्कूल भवन निर्माण में लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने की बात कही गई। संघ ने राज्य के सभी स्कूलों में पुराने, जर्जर एवं असुरक्षित कक्षों को गिराकर उनकी जगह आरसीसी भवन निर्माण हेतु बजट जारी करने की भी मांग की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष हजारी लाल गुर्जर, सभा अध्यक्ष हवासिंह गुर्जर, बुधराम छावड़ी, ओमप्रकाश, महेश सूद समेत अन्य मौजूद रहे।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, प्रा० स्वा० केन्द्र शहडोद(तिजारा) खैरथल-तिजारा**

क्रमांक :2025/60 **खुली निविदा सूचना** दिनांक-30/7/2025

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ०स्वा०केन्द्र शहडोद(तिजारा) खैरथल- तिजारा द्वारा निम्न सेवायें उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि रू | निविदा शुल्क रूपये | बोली प्रपत्र प्राप्ती की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कम्प्यूटर ऑपरेटर मैन विद मशीन(MNDY संविदा।) | 180000/- | 3600.00/- | 100/- | 08.08.2025 2.00 PM | 08.08.2025 4.00 PM | 08.08.2025 5.00 PM |

नियम एवं शर्ते-
1. निविदाएँ दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा। जिसमें अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चैक, समस्त वांछित डॉक्युमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैकर्स चैक राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसाइटी, शहडोद के नाम से व तिजारा शाखा पर देय होगा। दूसरा लिफाफा (ख) वित्तीय बिड का होगा जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।
2. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 08.08.2025 को दोपहर 4.00 तक जमा की जायेगी तथा 08.08.2025 को दोपहर 5.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध में समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

सचिव राज मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथ0 स्वा0 केन्द्र शहडोद, तिजारा